बस्तियों में पहुंचे कलेक्टर, लिया हालातों का जायजा

श्योपुर के 03, वीरपुर के 02, कराहल के 03 सहित बडौदा कस्बा बाढ़ की चपेट में

बड़ौदा और विजयपुर, सूंडी, सामरसा गांव में हालात चिंताजनक

नदी के जलस्तर पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही: बीती रात शहर में हुई झमाझम बारिश को देखते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार एवं बुधवार की दरम्यानी रात शहर का भ्रमण किया, इस दौरान उन्होने छारबाग मोहल्ले के निचले क्षेत्र स्थित बस्तियों, किलागेट, किला रोड, भैसपाडा, चतरदास जी टीला स्थित पंडित घाट, करबला क्षेत्र, जतिघाट क्षेत्र, रेगर मोहल्ला एवं रेंगर घाट क्षेत्र, गिर्राज घाट क्षेत्र एवं पुल दरवाजा क्षेत्र सहित बंजारा डैम का अवलोकन किया गया तथा सीप नदी में जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर स्वयं भी कई बस्तियों मे पहुंचे और लोगों से चर्चा करते हुए उन्हें प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के संबंध में जानकारी प्रदान की, उन्होने कहा कि नदी के जलस्तर पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है और घबराने की कोई बात नही है। कलेक्टर रात 12 बजे से सुबह 03 बजे तक भारी बारिश के बीच शहर भ्रमण करते रहे।

राहत शिविरों में 730 व्यक्ति लाये गये: जिले में क्षमाझम बारिश के कारण नदियों के जलस्तर बढने से प्रभावित ग्रामों से अभी तक 730 व्यक्ति रेस्क्यू कर उन्हें 6 राहत शिविरों में रखा गया है। श्योपुर के 03 ग्राम सहित बडौदा कस्बे के कुछ वार्ड एवं वीरपुर तहसील के 02 तथा कराहल तहसील के 03 ग्राम बाढ से प्रभावित है। इस प्रकार जिले में अभी कुल 8 ग्राम बाढ से प्रभावित है, इन ग्रामों से 730 व्यक्तियों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

कलेक्टर ने जेसीबी पर बैठकर लिया जलभराव जायजा: कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बुधवार को बडौदा पहुंचे तथा अतिवर्षा के कारण बडौदा में हुए जलभराव क्षेत्रों का अवलोकन किया, इस दौरान वे जेसीबी में बैठकर बडौदा के मुख्य मार्ग सहित बस स्टैण्ड क्षेत्र एवं अस्पताल तक पहुंचे। अस्पताल में उन्होने मौजूद स्टॉफ से चर्चा की और प्रसव के लिए आई महिला के परिजनो से चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि एमपीआरडीसी की सडक को पुलिस थाने के सामने सहित तीन स्थानों पर ब्रेक किया गया है और जेसीबी के माध्यम से वैकल्पिक नाले बनाकर जल निकासी के प्रबंध किये गये है। इसके साथ ही अधिक समस्या वाले जलभराव क्षेत्र से 40 लोगों का रेस्क्यू एसडीआरएफ की टीम द्वारा किया गया है।

नवभारत न्यूज

श्योपुर,30जुलाई। में पिछले 24 घंटे से मूसलधार बारिश से हालात बिगड़े:सीप, पार्वती और चंबल नदी उफान पर; कई गांव जलमग्न, राजस्थान से संपर्क टूटा

श्योपुर जिले में पिछले 24 घंटों से हो रही मूसलधार बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। सीप, पार्वती और चंबल नदियां उफान पर आ गई हैं। इससे जिले के कई गांव जलमग्न हो गए हैं। इस मंजर को देखते हुए 3 अगस्त 2021 को आई बाढ लोगों के जहन में ताजा हो गई। सीप नदी में जलस्तर बढने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए गत रात्रि को शहर में सीप नदी किनारे की बस्तियों सहित कदवाल नदी से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया। इसके अलावा बडौदा में हुए जलभराव क्षेत्रों का अवलोकन किया, इस दौरान वे जेसीबी में बैठकर बडौदा के मुख्य मार्ग सहित बस स्टैंड क्षेत्र एवं अस्पताल तक पहुंचे। अस्पताल में उन्होने मौजूद स्टॉफ से चर्चा की और प्रसव के लिए आई महिला के परिजनो से चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जलस्तर बढने से प्रभावित गांवों से अभी तक 730 व्यक्ति रेस्क्यू कर उन्हें 6 राहत शिविरों में रखा गया है। श्योपुर के 03 ग्राम सहित बडौदा कस्बे के कुछ वार्ड एवं वीरपुर तहसील के 02 तथा कराहल तहसील के 03 ग्राम बाढ से प्रभावित है।

जिला मुख्यालय श्योपुर में सीप नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। हरिजन बस्ती, कसाई मोहल्ला समेत कई इलाकों में पानी भर गया है। प्रशासन ने तुरंत लोगों को राहत कैंपों में स्थानांतरित किया है। रामधर्मशाला और नगर पालिका मैरिज गार्डन में अस्थायी राहत शिविर बनाए गए हैं। यहां पीड़ितों को भोजन और रहने की व्यवस्था की गई है। राजस्थान के सवाईमाधोपुर, कोटा और बारां का श्योपुर से संपर्क टूट गया है। पार्वती नदी पुल को पार कर गई है, जिससे रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। बड़ौदा और विजयपुर में भी स्थिति चिंताजनक है। विजयपुर की क्वारी नदी उफान पर है। पुल पर से पानी बह रहा है। रातभर शहर में भय का माहौल रहा। लोगों ने घरों की छतों और सुरक्षित स्थानों पर रात बिताई।

95.88 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज: जिले में 30 जुलाई को 95.88 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 30 जुलाई को श्योपुर में 174.4, बडौदा में 103, कराहल में 154, विजयपुर में 32, वीरपुर में 16 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 1050.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 452.88 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

पाली स्थित चंबल नदी के पुल से आवागमन पर रोक

राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों ने पाली स्थित चंबल नदी के पुल की एप्रोच स्लैब की मरम्मत करने के लिए पुल से आवागमन रोक दिया गया है। नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने कहा है कि पुल की मरम्मत के बाद इसे फिर से खोला जायेगा।

> भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ गया है, इसलिए नदी किनारे बसे गांवों को लोगों को रेस्क्यू कर निकाल लिया गया है और सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। जिले में 60 गांव बाढ से प्रभावित है। जिनमें पटवारियों तथा सचिव एवं रोजगार सहायकों को कैंप करने के लिए निर्देश दिये गये है।
>
> अर्पित वर्मा
> कलेक्टर श्योपुर

बरसात के कारण कई जगह भारी नुक्सान, निचले इलाको में भरा पानी

विजयपुर। सुबह 6 बजे बस स्टैंड पर श्रीलाल पान वाले की दुकान के सामने जयपुर गाढ़ी का टायर गंड्डे मैं फसा अगला टायर बर्षात के पानी से डाली गई फिल्टर प्लांट की पाईप लाईन से हुये गंड्डे मैं नगरपरिषद की अनदेखी फ़िल्टर प्लांट से शुद्द जल प्रदाय कराने को लेकर बस स्टैंड पर रोड़ खुदाई कर पाईप लाईन डाली गई थी ,जिसका भराब सही न करते हुये मिट्टी से भराब किया गया था, जो बर्षात मैं मिट्टी बह गई और गंड्डे हो गये इसी प्रकार दो दिन से हो रही बारिश से कुआरी नदी मै रात 12 बजे नदी पुल के 1,2,फुट पानी हो जाने से पुल की रैलिंग टूट गई ब पुल के उस पार लगने बाली संब्जी मंण्डी मैं पानी का बेग आनेसे दुकानों के टीन सैट बह गये ब कोठारी गार्डन मैं पानी भरगया साथ ही कन्या शाला मैं भी निचले कक्षौ मैं पानी भरगया तथा कोठारी गार्डन की रोड़ साईट की दुकानों मैं भी पानी भर गया जिससे दुकानदारौ को भी नुक्सान पहुंचा है ,इसी प्रकार जब कुआरी नदी बढ़े पुलसे ऊपर बहने की सूचना मिलते ही बस स्टैंड के दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानै खाली करने लगे रहे, नगर मैं पहले से ही अलर्ट जारी कर दिया था ।कल रात मैं पुलिस ब प्रशासन की सुरक्षा ब्यबस्था सराहनीय रही आज सुबह से ही नगर प्रशासन नदी के पुल से मलबे को साफ करने मैं जुट गया है , जेसीबी मशीन से कीचड़ ब मलबा हटाया जा रहा है सीएमओ प्रदीप शर्मा मय सफाई कर्मचारी यौ को साथ लेकर नदी के पुल ब रोड की सफाई कराने मैं ब्यस्त है। कल रात को कुआरी नदी मै बाढ़ आने से नदी किनारे की बसाहट बाले गांबौ की निचली बस्तीयौ मैं पानी भराब से अर्रोद बैनीपुरा थागकापुरा गोली पुरा ब इकलौद ग्राम की निचली बस्तीयौ मैं भारी नुक्सान हुआ है।

नवांकुर संस्था द्वारा नवांकुर सखी एवं हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया

नवभारत न्यूज

विजयपुर,30जुलाई। नवांकुर संस्था कौशिकी सोशल वेलफेयर एंड एनवायरमेंट सोसाइटी ग्राम गसवानी तहसील विजयपुर जिला श्योपुर के द्वारा मध्य प्रदेश के सहयोग से जन अभियान परिषद विजयपुर जिला शिवपुरी की ब्लॉक समन्वय श्रीमती साइन परवीन जी के नेतृत्व में नवांकुर सखी एवं हरियाली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कलश यात्रा पर्यावरण संरक्षण एवम् जन जागरूकता कार्यक्रम तथा एक पेड़ मां के नाम रोपित किया गया जिसमें कलश यात्रा एवं लाडली सखी बहनों को बीज रोपित पौधे उपलब्ध कराए गए पौधारोपण भी कराया जिसमें मुख्य अतिथि महोदय खंड स्त्रोत समन्वयक विजयपुर शिक्षा विभाग श्री अशोक शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि संकुल केंद्र प्रभारी प्रताप परमार तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गसवानी के प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा एवं थाना प्रभारी शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जगदीश वर्मा अजाक के जिला अध्यक्ष संजय अनंत ग्राम पंचायत के सचिव राम यादव शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय के प्राथमिक शिक्षक पुरुषोत्तम धाकड़ प्रधान आरक्षक जगदीश बाथम जीश्रीमती नीतू बाथम माध्यमिक शिक्षिका कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी गसवानी के सूर्य प्रकाश भारद्वाज ने की उपस्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय के अतिथि शिक्षक शिक्षा का रामबरन यादव उमा श्रीमती उमा समाधिया जी श्री दिलीप प्रजापति वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे मेंटर्स अभय शर्मा जी राकेश जाटव जी अमर सिंह जाटव प्र पूतन समितियां के पदाधिकारी गण वी नवांकुर सखी पहना है उपस्थिति रही कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया मुख्य अतिथि द्वारा उसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत बंधन अभिनंदन किया संस्था सचिव दिलीप तिवारी ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

अवैध शराब के साथ तीन लोग पकड़े

श्योपुर। विजयपुर थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 9 हजार की अवैध शराब जब्त की है। पहली कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चंचल पुत्र लाखन निवासी गोहटा को 28 जुलाई की शाम 7:30 बजे 20 क्वाटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है, जिसकी कीमत 2000 हजार रुपये है। दूसरी कार्रवाई में प्रकाश पुत्र मदनलाल कुशवाह निवासी दरगवा को घर के बाहर से शराब बेचते पकड़ा।

मूलभूत समस्या को लेकर वार्डवासियों को अनिश्चितकालीन धरना जारी

नवभारत न्युज

श्योपुर,30जुलाई। विजयपुर में लंबे समय से पेयजल सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन जी रहे। वार्ड में व्याप्त समस्याओं को लेकर वार्डवासी मंगलवार से अनिश्चिकालीन धरने पर बैठ गए हैं। दूसरे दिन बुधवार को भी वार्डवासियों को धरना जारी रहा।

वार्ड पार्षद किरण संत कुमार शाक्य के नेतृत्व में वार्डवासियों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। वार्डवासियों ने नगरपालिका के द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के आरोप लगाए। धरने में जो भी मांगे की जा रही है वह पूरी तरह जायज है यह नगर परिषद इन वार्ड वासियों से वोट लेती है तो मूलभूत सुविधाएं भी प्रदान करने की जिम्मेदारी नगर परिषद की है परंतु सुविधा देने के नाम पर नगर परिषद वार्ड वासियों को यह कहकर दूर कर देती है कि आप नगर सीमा से बाहर हैं जिससे नाराज वार्ड वासियों ने 23 तारीख को कन्याशाला परिसर में जिला कलेक्टर को एक आवेदन भी दिया था। उसमें उनके द्वारा कहा गया कि यदि हमारी समस्या का 5 दिन में निराकरण नहीं हुआ तो हम शांतिपूर्ण धरने की शुरुआत करेंगे और जिम्मेदारों के द्वारा फिर भी वार्ड में कोई भी सुविधा उपलब्ध कराई तो परेशान वार्ड वासियों को धरने के लिए बाध्य होना पड़ा वही मौके पर मौजूद जन सेवक रविकांत नरेंद्र कौशिक ने धरने के माध्यम से चेतावनी दी की जब वार्ड वासियों की समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक धरना जारी रहेगा। जब तक प्रशासन और जिम्मेदार वार्ड 15 के वार्ड वासियों की सभी मांगों को पूरा नहीं कर देते। जनसेवक रविकांत नरेंद्र कौशिक शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा जो मांग वार्ड 15 के वीडियो के द्वारा की जा रही है वह पूरी तरह जायज है और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करना नगर परिषद की जिम्मेदारी है यदि नगर परिषद अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन नहीं करती है तो मजबूरन लोगों को या कदम उठाना पड़ेगा इसकी जिम्मेदारी भी पूरी नगरीय और जिला प्रशासन की है यदि समय रहते इन समस्याओं का निराकरण किया जाता तो यह स्थिति निर्मित नहीं होती कि आम लोगों को धरने के लिए सड़क पर उतरना पड़ता है जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी भूल चुके हैं यह धरना उन्हें उनकी जिम्मेदारी याद दिलाने के लिए दिया जा रहा है।

हरी झंडी दिखाकर नि :शुल्क शव वाहन सेवा की शुरूआत

श्योपुर । कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झंडी दिखाकर जिले में नि:शुल्क शव वाहन सेवा की शुरूआत की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अतेंद्र सिंह गुर्जर, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, नोडल अधिकारी आरबी शाक्य, डिस्ट्रिक्ट कोडीनेटर पवन शर्मा आदि मौजूद रहें।

नेशनल हेल्थ मिशन द्वारा श्योपुर जिले को दो निशुल्क शव वाहन प्रदाय किये गये है, जिनका उपयोग राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में रोगियों अथवा दुर्घटना पीडितो की उपचार के दौरान मृत्यु पर मृतक को ससम्मान अपने निवास अथवा मुक्तिधाम तक पहुंचाने के लिए निशुल्क सेवा के रूप में किया जायेगा। प्रदेश स्तर से सभी जिलों को दो-दो शव वाहन प्रदाय किये गये है। जिन जिलो में मेडिकल कॉलेज संचालित है, वहां 4-4 शव वाहन उपलब्ध कराये गये है।

दतिया

बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न, गाँवों की बस्तियाँ डूबने की स्थिति में है

पहुंचे कलेक्टर आमजन का कराया गया सुरिक्षत रेस्क्यू

नवभारत न्यूज

दतिया, 30 जुलाई। विगत दिवस हुई भारी वर्षा की वजह से कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए है। कई सारे गाँवों की बस्तियाँ डूब की स्थिति में है। सिंध नदी के जलस्तर में निरंतर हो रही वृद्धि को देखते हुए कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े एसडीएम संतोष तिवारी अधिकारियों के साथ स्वयं कोटरा गांव पहुंचे और हालात का जायज़ा लिया। तत्परता के साथ एसडीआरएफ टीम की मदद से वहां के आमजन को सुरक्षित रेस्क्यू करवाया उनके ठहरने और खाने पीने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश। सिंध नदी में बढ़ते जलस्तर पर प्रशासन सतर्क, प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

उन्होंने स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यक्तिगत निगरानी की और उनके लिए आश्रय स्थलों की व्यवस्था करवाई। खाद्य सामग्री, पीने का पानी, जैसी मूलभूत सुविधाओं को तुरंत उपलब्ध कराया गया। प्रशासन द्वारा मुनादी करवाकर नदियों के किनारे रहने वाले लोगों से अपील की गई कि वे तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर जाएं। कलेक्टर ने स्वयं जनसमूह से संवेदनशील अपील करते हुए कहा आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। कृपया सिंध नदी के किनारे से दूर रहें और प्रशासन पर भरोसा रखें हम हर संभव सहायता के लिए तैयार है। प्रशासन ने यह भी बताया कि बारिश के बाद स्थायी रूप से विस्थापन की जरूरत वाले परिवारों के स्थायी रूप से रहने के लिए स्थान चिन्हांकित किए जाएंगे। जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर निरीक्षण करते रहें और लोगों की हर ज़रूरत पर त्वरित कार्यवाही करें। साथ ही जहां फसलों का नुकसान हुआ है वहां पर पटवारियों द्वारा आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। बाढ़ संभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए ग्राम पंचायत, स्कूल, सामुदायिक भवन मे ठहरने एवं खाने पीने जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई जा रही है।

बाढ़ संभावित क्षेत्रों के नागरिकों से कलेक्टर ने की अपील: कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। उन्होंने कहा कि जहां भी नागरिक सुरक्षित स्थानों पर जाएंगे, वहां प्रशासन की ओर से खाने-पीने की पूरी व्यवस्था की जाएगी। यदि किसी को कोई कठिनाई या दिक्कत आती है, तो वे तुरंत प्रशासन से या सीधे मुझसे संपर्क कर सकते है।

बारिश में ढहा आशियाना, बेघर हुआ परिवार

नवभारत न्यूज

दतिया,30जुलाई। उनाव के खजांची मोहल्ला निवासी किसान कौशल शर्मा का मकान कल शाम हुई मूसलाधार बारिश से जमीदोज हो गया। गनीमत यह रही कि पीड़ित किसान के बच्चे मोहल्ले में चल रहे शंकर जी के अभिषेक में शामिल होने गए थे। मिली जानकारी के अनुसार कस्वा उनाव के खजांची मोहल्ले निवासी कौशल पुत्र स्वर्गीय कैलाश नारायण शर्मा ने बताया कि उनके घर का पिछला हिस्सा कल हुई बारिश में जमीदोज हो गया।रहने के लिए मकान की समस्या खड़ी हो गई है।

उन्होंने बारिश से गिरे मकान की सूचना भी स्थानीय ग्राम पंचायत को दी लेकिन मौके का मुआयना करने कोई अभी तक नही पहुँचा है।बेघर हुए पीड़ित ने प्रशासन से सहयोग की गुहार लगाई है।

आज तक जिले में कुल 578 .20 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

अधीक्षक भू-अभिलेख दतिया कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 जुलाई को जिले में कुल 22.60 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई। जिसमें दतिया में 17.6 मि.मी., सेवढ़ा में 28 मि.मी., भाण्ड़ेर में 26 मि.मी., इन्दरगढ़ नया केन्द्र में 19 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष आज दिनांक को जिले में वर्षा की स्थिति निल रही थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 870.8 है।

शहर में निर्माण कार्य जिला मॉनीटरिंग समिति की बैठक

-नवभारत न्यूज

दतिया,30जुलाई। बुधवार को न्यू कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग अंतर्गत समग्र शिक्षा एवं पीएम श्री अद्योसरंचना निर्माण कार्य की जिला मॉनीटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पीआईयू द्वारा कराये जा रहे हाई स्कूल भवन तगा, हाई स्कूल महोनाजाट एवं हायर सेकेण्ड्री चिरूला के निर्माण कार्यो की पग्रति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वानखडे द्वारा निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य 30 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिय जाये। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में एसडीओ एवं सबंधित एई भी उपस्थित रहे। बैठक में संबंधित स्कूल के प्राचार्य उपस्थित नहीं होने पर कलेक्टर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दतिया द्वारा पीएम श्री शालाओं शासकीय हाई स्कूल भलका, हाई स्कूल रामगढ़, हाई स्कूल तगा एवं प्रा. वि. बड़ोखरी के अतिरिक्त कक्षों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। कलेकटर श्री वानखड़े द्वारा उपरोक्त कार्य 15 अक्टूबर तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने इन्ही विद्यालयों में बनाये जा रहे खेल मैदानों कार्य भी जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि हाईस्कूल रमगढ़ा में शौचालयों का निर्माण कार्य 30 सितम्बर तक पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, आईईएस, लघु उद्योग निगम के कार्यपालन यंत्री, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, सहायक यंत्री उपयंत्री एडीसीपी, एपीसी तथा संबंधित शालाओं के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे।

7 बिजली बिल बकायादारों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित

नवभारत न्यूज

दतिया, 30 जुलाई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दतिया द्वारा महाप्रबंधक मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रतिवेदन के आधार पर जिले में 7 बिजली बिल बकायादारों के शस्त्र लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर वानखड़े द्वारा बकायादारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए थे एवं बकाया राशि जमा कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु बकायादारों द्वारा कोई भी बकाया राशि जमा नहीं कराई गई।

महाप्रबंधक के प्रतिवेदन अनुसार लाइसेंस धारी नरेश रावत पचोखरा पर 1 लाख 58 हजार 653 रूपये, श्रीमती संध्या पांडे पति राहुल पांडे निवासी हडपहाड़ दतिया पर 1 लाख 68 हजार 860 रूपये, बनमली दांगी दांगी डोंगरपुर पर 2 लाख 5 हजार 517 रूपये, चंद्रप्रकाश पिता नारायणदास निवासी ग्राम बनौली पर 1 लाख 97 हजार 648 रूपये, सेनापति रावत ग्राम स्यावरी पर 1 लाख 91 हजार 290 रूपये, कदम सिंह ग्राम कोटरा पर 1 लाख 60 हजार 605 रूपये, होतम सिंह रावत पचोखरा पर 1 लाख 59 हजार 238 रूपये का विद्युत बिल राशि बकाया है।जिसका भुगतान लंबे समय से नहीं किया गया। जिला प्रशासन का कहना है कि ऐसे बकायेदार लोक शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। लोक व्यवस्था, जनहित एवं विधिक प्रावधानों के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वानखेड़े द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17(3)(बी) के अंतर्गत कानून का पालन नहीं करने अथवा सरकारी बकाया चुकाने में लापरवाही करने पर शस्त्र लाइसेंस निलंबित किए गए । साथ ही आदेशित किया कि संबंधित शस्त्रधारक अपना शास्त्र तत्काल थाने में जमा करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर वानखड़े द्वारा साफ चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में भी बिजली चोरी या बकाया राशि का भुगतान न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

रफी नाईट का आयोजन आज

दतिया। 31 जुलाई को शाम 7 बजे से रफी साहब की पुण्यतिथि पर रफी नाईट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी कलार्पण संस्था इकाई दतिया के जिलाध्यक्ष रविभूषण खरे ने दी है। उक्त कार्यक्रम में बाहर से आए हुए सुप्रसिद्ध कलाकार रमेश परिहार आर्केस्ट्रा ग्रुप एवं दतिया के स्थानीय कलाकारों द्वारा रफी साहब के फेमस गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम दो सत्रों में शाम 7 बजे से रफी नाईट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

स्वच्छता अभियान की खुली पोल, भांडेर वार्ड 15 ठकुरास मोहल्ले की सड़क बनी कीचड़ का गड्ढा

दतिया/ भांडेर। एक ओर जहाँ केंद्र एवं प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर भांडेर नगर के वार्ड क्रमांक 15 ठकुरास मोहल्ले की स्थिति इन दावों की पोल खोल रही है। यहाँ की सीसी रोड की हालत इतनी खराब है कि यह किसी ग्रामीण कच्चे रास्ते की तरह नजर आती है। तोपसिंह के बाड़े से लेकर गोटी महाराज के घर तक का यह मार्ग कीचड़ से भरा पड़ा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकराल हो जाती है। लोगों को इस रास्ते से गुजरना मुश्किल ही नहीं बल्कि जोखिम भरा भी हो गया है।

आम-सूचना

श्री छोटेलाल सेन पुत्र श्री चक्कीलाल सेन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र .11,स्थित बिहारी जी मार्ग, अग्रवाल धर्मशाला के पास, तहसील एवं जिला दतिया (म.प्र.) है जो नगर पालिका दतिया वार्ड क्र .11 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 560 वर्गफुट है और चतुंसीमा निम्न प्रकार है : पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-भवन नार्गच, उत्तर में-मंदिर बिहारी जी एवं दक्षिण में-भवन नार्गच वकील है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री छोटेलाल सेन पुत्र श्री चक्कीलाल सेन के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री छोटेलाल सेन द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती रामकली सेन पत्नी श्री छोटेलाल सेन के हित में लिखतम सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किये जाने हेतु डीड का ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्री छोटेलाल सेन एवं श्रीमती रामकली सेन द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र .52, कैलाश विहार,फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

आम-सूचना

श्री सतीश यादव पुत्र श्री राजकुमार यादव एवं श्रीमती वंदना यादव पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार यादव के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित राजघाट कॉलोनी, ग्राम दतियागिर्द, रोड से 200 मीटर दूर, प.ह.नं.19, रा.नि.मं.दतिया, तहसील व जिला दतिया (म.प्र.) में है जो नगर पालिका परिषद दतिया वार्ड क्र .34 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र .2187/5/1/4/मिन-1 ग्राम ग्राम दतियागिर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 923,64 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भवन ममता वर्मा बाद नाला, पश्चिम में भवन ममता जाटव, उत्तर में रास्ता बस्ती एवं दक्षिण में-भवन श्री वीरेन्द्र सिंह गुर्जर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती पार्वतीदेवी उर्फ पार्वती मौर्य पत्नी श्री रमेशकुमार उर्फ रमेशचन्द्र मौर्य एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती पार्वतीदेवी उर्फ पार्वती मौर्य द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री सतीश यादव पुत्र श्री राजकुमार यादव एवं श्रीमती वंदना यादव पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार यादव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी0959202051795498 दिनांक 28.11.2020 से विक्रय की गई। श्री सतीश यादव एवं श्रीमती वंदना यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र .52, कैलाश विहार,फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
**मो.